मेरा भरोसा ना टूटेगा

मुझको ये भरोसा है,
मेरा भरोसा ना टूटेगा....

स्वर्ग सा सुख मुझको,
मिला है माँ तेरे पाँव तले,
दुखों की धूँप से बचा हूँ मैं,
आकर तेरे आँचल की छाँव तले,
ममता भरा तेरा दामन,
मेरे हाथ से ना छूटेगा,
मुझको ये भरोसा है,
मेरा भरोसा ना टूटेगा.....

नाता तुझसे मेरा,
माँ सब नातों से न्यारा है,
दोनो जहां में ये रिश्ता,
सब रिश्तों से प्यारा है,
बंधन जो बंधा तुझसे,
वो बंधन ना टूटेगा,
मुझको ये भरोसा है,
मेरा भरोसा ना टूटेगा........

तुझसे आस ना करूँ,
तो माँ और करूँ किससे,
तेरा प्यार आया है,
बड़े कर्मों से मेरे हिस्से,
ना कभी कम होगा,
ना कभी मुझसे रूठेगा,
मुझको ये भरोसा है,
मेरा भरोसा ना टूटेगा........

जुड़ें रहें हाथ मेरे,
राजीव झुका तेरे दर पे रहे,
दुआओं भरे हाथ तेरे,
माँ सदा मेरे सर पे रहे,
तेरे चरणों की पनाह से,
कोई मेरा आसन ना लूटेगा,
मुझको ये भरोसा है,
मेरा भरोसा ना टूटेगा......

राजीव त्यागी नजफगढ़ नई दिल्ली

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32905/title/mera-bharosa-na-tutega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |